# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026


## भारत-पाकिस्तान मे बंढ़ा संघर्ष तो अमेरिका बोला- 'इससे हमारा लेना-देना नहीं'.


Publisher


Published on 09 May 2025




### भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते संघर्ष पर अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेसं का बड़ा बयान सामने आया है. उन्होंने कहा कि अमेरिका इस तनाव के बीच मे शामिल नहीं होने जा रहा है

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते संघर्ष के बीच अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का बड़ा बयान सामने आया है. उन्होंने स्पष्ट किया है कि अमेरिका इस संघर्ष के बीच में शामिल नहीं होने जा रहा है और इसका उनसे कोई लेना देना नहीं है. यह बयान ऐसे समय पर आया है जब पाकिस्तान की ओर से भारतीय शहरों पर लगातार ड्रोन हमले किए जा रहे हैं और भारत उनकी कड़ी प्रतिक्रिया दे रहा है.

फॉक्स न्यूज़ को दिए गए एक इंटरव्यू में अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने कहा, "...हम जो कर सकते हैं, वह यह है कि इन लोगों को थोड़ा शांत होने के लिए प्रोत्साहित करने का प्रयास करें, लेकिन हम युद्ध के बीच में शामिल नहीं होने जा रहे हैं. मूल रूप से हमारा कोई काम नहीं है और इसका अमेरिका की इसे नियंत्रित करने की क्षमता से कोई लेना-देना नहीं है."

अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने कही ये बड़ी बात
उन्होंने आगे कहा, "आप जानते हैं कि अमेरिका भारतीयों से हथियार डालने के लिए नहीं कह सकता. हम पाकिस्तानियों से हथियार डालने के लिए नहीं कह सकते इसलिए हम कूटनीतिक चैनलों के माध्यम से इस मामले को आगे बढ़ाते रहेंगे. हमारी आशा और अपेक्षा है कि यह एक व्यापक क्षेत्रीय युद्ध या, भगवान न करे, परमाणु संघर्ष में न बदल जाए. हम इन चीजों को लेकर चिंतित हैं. भारत और पाकिस्तान के शांत दिमागों का काम यह सुनिश्चित करना है कि यह परमाणु युद्ध न बन जाए और अगर ऐसा होता है तो यह विनाशकारी होगा, लेकिन अभी हमें नहीं लगता कि ऐसा होने वाला है."

अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने की ये बात

अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने कहा, “आज सुबह विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर से बात की. दोनों कॉल में विदेश मंत्री ने तत्काल संघर्ष कम करने की आवश्यकता पर जोर दिया और हिंसा को समाप्त करने का आह्वान किया. उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच सीधी बातचीत के लिए अमेरिकी समर्थन व्यक्त किया और बातचीत से संघर्ष कम करने की अपील की.”

पाकिस्तान ने भारत के 15 सैन्य ठिकानों पर की हमले की कोशिश

बता दें कि बीती रात (गुरुवार, 08 मई) पाकिस्तान ने भारत के 15 सैन्य ठिकानों पर हमले की कोशिश की, लेकिन भारतीय सेना ने सभी पाकिस्तानी ड्रोन मार गिराए. पाकिस्तान के इन प्रयासों को नाकाम करने के बाद रक्षा मंत्रालय ने कहा कि भारत अपनी संप्रभुता और नागरिकों की सुरक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार है. पाकिस्तान की ओर से लगातार संघर्षविराम का उल्लंघन किया जा रहा है और नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर फायरिंग की जा रही है, जिसका भारतीय सेना मुंहतोड़ जवाब दे रही है.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.